लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2358
21 दिसम्बर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

हथकरघा क्षेत्र हेतु राष्ट्रीय नीति

2358. श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी:

क्या **वस्त्र मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार के पास हथकरघा क्षेत्र के लिए कोई राष्ट्रीय नीति है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लिए परियोजना-वार कितनी निधि मंजूर और उपयोग की गई है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके किया कारण है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क): भारत सरकार**,** वस्त्र मंत्रालय पूरे देश में हथकरघा बुनकरों के विकास और उनके कल्याण के लिए **2021-22** से **2025-26** के दौरान निम्नलिखित योजनाओं को कार्यान्वित कर रहा है:

1. राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम;
2. कच्चा माल आपूर्ति योजना;

उपरोक्त योजनाओं के तहत पात्र हथकरघा एजेंसियों/बुनकरों को कच्चे माल, करघे और सहायक उपकरण, बुनियादी ढांचे के विकास, डिजाइन और उत्पाद विकास, घरेलू/विदेशी बाजारों में हथकरघा उत्पादों की मार्केटिंग, बुनकर मुद्रा ऋण आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

(ख) और (ग): पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष (31.10.2022 तक) के दौरान इन योजनाओं के तहत आवंटित/उपयोग की गई निधियों का योजना-वार ब्यौरा इस प्रकार है:

(करोड़ रू. में)

योजना का नाम	**2019-20**		**2020-21**		**2021-22**		**2022-23**	
	आवंटित	उपयोग की गई *	आवंटित	उपयोग की गई	आवंटित	उपयोग की गई	आवंटित	उपयोग की गई
राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम	166.71	149.14	161.49	159.53	165.50	165.37	200.00	76.43
कच्चा माल आपूर्ति योजना	165.21	142.21	70.00	60.32	105.00	89.53	105.00	102.10

* उपयोग की गई/जारी की गई निधियां राज्य सरकारों और अन्य हथकरघा संगठनों से प्रस्तावों की प्राप्ति और पहले जारी की गई निधियों आदि के उपयोग पर आधारित हैं।

*****